

## एक नजर में



### 5 को निकलेगी यात्रा, 9 को उज्जैन आएगी

**उज्जैन।** भगवान श्री कृष्ण द्वापर युग में आज से लगभग 5266 वर्ष पूर्व 11 वर्ष 7 दिन की उम्र में कंस का मथुरा में वध करने के पश्चात अपनी शिक्षा के लिए जिस मार्ग से मथुरा से जयपुर, कोटा, झालावाड़, रणथंबोर, आगर होते हुए उज्जैन आए थे। इस मार्ग पर तीर्थ पुरोहित महासंघ, धर्म यात्रा महासंघ तथा विश्व हिंदू परिषद के संयोजन में श्री कृष्ण गुरुकुल शिक्षा यात्रा 5 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक निकाली जाएगी। इस यात्रा के शुभारंभ 5 अक्टूबर के पूर्व 4 अक्टूबर को सांयकाल 4 बजे श्री श्री जीबाबा आश्रम मथुरा से एक शोभायात्रा मथुरा में विभिन्न मार्गों से होती हुई सांयकाल 6 बजे विश्राम घाट यमुना किनारे पहुंचेगी। जहां पर मां यमुना मैया की आरती पूजन के पश्चात पूर्व संध्या पर इस यात्रा का शुभारंभ का शंखनाद किया जाएगा। यह जानकारी धर्म यात्रा महासंघ प्रदेश अध्यक्ष अशोक कोटवानी, यात्रा संयोजक सुरेंद्र चतुर्वेदी ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए दी। पत्रकारवार्ता में मनीष उपाध्याय पुजारी अंगारेश्वर, गणेश शर्मा, हरि सिंह यादव, राजीव शर्मा, केएल गोमे, कमलेश पंचोली, उत्तम दुबे, कमल भावसार, विनय ओझा पत्रकारवार्ता में मौजूद रहे। सुरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि यात्रा शुभारंभ के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मथुरा वृंदावन की सांसद हेमा मालिनी के उपस्थिति होने की संभावना है।



### गांधी जयंती पर खरीदी खादी

**उज्जैन।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर उज्जैन के भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नई सड़क स्थित खादी ग्रामोद्योग विकास मंडल उज्जैन पहुंचकर खादी और ग्रामोद्योग की जमकर खरीदी की भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल और नगर निगम सभापति कलावती यादव, भाजपा नेता ओम जैन, झोन अध्यक्ष संग्राम सिंह भाटिया, अशोक बाथम, विशाल राजोरिया, विनोदिनी पाटीदार, वीरेन्द्र उपाध्याय सहित भाजपा के मंडल अध्यक्ष, विभिन्न पदाधिकारियों ने खादी ग्रामोद्योग उत्पाद खरीद कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा कार्यालय लोक शक्ति से रैली के रूप में नई सड़क स्थित खादी ग्राम उद्योग विकास मंडल पहुंचे भाजपा नेताओं ने मंडल में स्थित गांधी जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। यहां पर खादी ग्रामोद्योग विकास मंडल उज्जैन के अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ, सचिव स्वदेश शर्मा, संचालक डॉ. विनोद बैरागी, विश्वास शर्मा, अनिल गुप्ता, महानंद मिश्रा, मनोज पाराशर आदि ने ग्राहक महानुभावों का सूत की माला पहनाकर स्वागत किया।

### सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया



**उज्जैन।** वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मियों के अवकाश पर होने या सार्वजानिक अवकाश के दौरान आउटसोर्स के कर्मचारियों से सफाई का कार्य लिया जाए ताकि संबंधित वार्ड एवं शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित ना हो। उक्त निर्देश निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 23, 24 एवं 27 में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कही। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए की शहर के प्रमुख मार्ग एवं चौराहा साफ- स्वच्छ होना चाहिए। कहीं पर भी कचरे का ढेर या गंदगी ना रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। आयुक्त ने शुक्रवार को नई सड़क, डाबरी पीठा, खाराकुआं, छोटा सराफा, नरसिंह मंदिर इत्यादि क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 36 अंतर्गत स्थित विभिन्न उद्यानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद दुर्गा चौधरी, उद्यान अधिकारी मनोज राजवानी, सहायक यंत्री दीपक शर्मा, दरोगा हामिद उपस्थित रहे।

### आज परिष्कृति संस्था की नाट्य प्रस्तुति

**उज्जैन।** रंगमंच से जुड़ी संस्था परिष्कृति 4 अक्टूबर को लोकमाता अहिल्या नाटक की प्रस्तुति कर रही है। होल्कर वंश को लोकमाता अहिल्याबाई की जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश शासन के सौजन्य से राजस्थान के प्रख्यात लेखक उमेश कुमार चौरसिया ने रचित और वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश दवे द्वारा निर्देशित नाटक लोकमाता अहिल्या का मंचन अभिरंग नाट्यगृह कालिदास संस्कृत अकादमी में शाम 7 बजे होगा। मुख्य अतिथि डॉ. विकास दवे और अध्यक्षता कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज करेंगे। इस नाट्य प्रस्तुति में अहिल्या के दुखमय जीवन के साथ प्रेरणादायक और ममतामयी शासन को दर्शाया गया है। इस नाटक में अहिल्या की भूमिका निभा रही हैं रौनक शाक्य और डॉ. हेमलता औझा, तुकोजी की भूमिका में रहेंगे सुदर्शन स्वामी, राघोबा शशिधर नागर, गंगोबा चितेंद्र सिसोदिया, हरकुंवर बाई सीमा धुलेकर, सेवक, अमित माथुर, गौरव रायकवार, लकी गोयल, शामिल रहेंगे और निमाड़ी गणगौर का लुभावन नृत्य करेंगी केतकी ओझा। नाटक में संगीत दिया है अर्चना आप्टे तिवारी और माधव तिवारी ने। पूरे मंचन का आलोकन कर रहे हैं रौनक वर्मा। संस्था सुदर्शन स्वामी ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर नाटक को सफल बनाएं।

# मालीपुरा इंतजार करता रहा, पालकी रेलवे स्टेशन पहुंची, सवारी को पलटाया

## सवारी का रूट बदलने पर मचा बवाल, प्रशासक नाराज, श्रद्धालुओं का सब्र टूटा, विरोध-प्रदर्शन तक पहुंचा मामला, गलती किसकी, प्रशासन ने दी जांच और कार्रवाई की चेतावनी

**उज्जैन। दशहरा पर्व पर गुरुवार को निकली बाबा महाकाल की सवारी के दौरान रूट बदलने से हंगामा खड़ा हो गया। सवारी वापसी में जब आई तो मालीपुरा की बजाय रेलवे स्टेशन की तरफ चली गई, ऐसे में मंच के माध्यम से स्वागत करने वाले इंतजार करते रह गए बवाल मचाने पर सवारी को पलटाया गया।**



दरअसल दशहरे पर्व पर वर्ष में एक बार बाबा महाकाल की पालकी पुराने शहर से नए शहर फ्रीगंज होते हुए दशहरा मैदान तक आती है। इसके लिए हजारों स्वागत मंचों के माध्यम से बाबा महाकाल की पालकी का स्वागत सत्कार किया जाता है, एक-एक मंच पर 10, 15 से 20 हजार तक का खर्च श्रद्धालुओं और अनुयाई करते हैं और बड़ी धूमधाम से स्वागत किया जाता है। इस पूरे मसले को लेकर अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि जब महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक की टीम ने मंदिर से रुट सार्वजनिक कर दिया था और सोशल मीडिया के माध्यम से लेकर मीडिया में प्रचारित कर दिया गया था कि उक्त रूट से बाबा महाकाल की सवारी निकलेगी तो फिर वापसी में मालीपुर को बाईपास करते हुए इंदौर गेट व स्टेशन की तरफ सवारी कैसे पहुंच गई। अब सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं और यह पता लगाया जा रहा है कि घोड़े और सवारी में शामिल सारे संसाधन सहित बाबा की पालकी किस गफलत की वजह से मालीपुरा टर्न को छोड़कर स्टेशन की तरफ चली गई, पुलिस प्रशासन और मंदिर प्रशासन के बीच संवादहीनत की कमी भी एक बड़ी वजह सामने आई है, यह भी पता चला है कि मंदिर और पुलिस के रूट में फर्क था, खेल जो भी होगा जांच के सामने आएगा बावजूद इसके जो भी हुआ वह शहर वासियों को झकझोर कर गया कि बाबा महाकाल की पालकी को पुन: पलटना पड़ा।

### 4 बजे निकली सवारी रात 10 बजे पहुंची, जाना था मालीपुरा पहुंच गई स्टेशन

महाकाल मंदिर के सभा मंडप में बाबा महाकाल के विग्रह का पूजन अर्चन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान एसपी प्रदीप शर्मा महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे, परंपरागत तौर पर पालकी शाम 4 बजे निकली, निर्धारित मार्ग से होते हुए फ्रीगंज और दशहरा मैदान तक पालकी पहुंची, जहां शमी वृक्ष पूजन के बाद वापसी की यात्रा शुरू हुई। दशहरा मैदान पर शमी वृक्ष पूजन के पश्चात बाबा महाकाल की पालकी लंगर पेट्रोल पंप 3 बत्ती चौराहा, धन्ना लाल की चाल, फ्रीगंज ब्रिज, चामुंडा माता चौराहा होते हुए जब देवास गेट पहुंची तो यही रूट चेंज को लेकर गफलत उत्पन्न हो गई उसके बाद मचे बवाल ने तमाम तरह के सवाल खड़े कर दिए। इस पूरे घटनाक्रम पर महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि गलती किसकी है, इसकी जांच होगी और जो जिम्मेदार पाया जाएगा उस पर कार्रवाई तय है। ऐसा मंदिर प्रशासक प्रथम कोशिक ने एक चर्चा में बताया।

### मालीपुरा के लोगों ने जताया विरोध, सवारी को पलटाया गया

इस दौरान देवास गेट के बाद पालकी को मालीपुर की ओर जाना था, जबकि वह अचानक रेलवे स्टेशन और इंदौर गेट की तरफ मुड़ गई। नतीजा यह हुआ कि मालीपुरा क्षेत्र में श्रद्धालु मंच सजाकर पालकी का इंतजार करते रह गए। घंटों इंतजार और पालकी न पहुंचने पर लोग नाराज हो उठे और चक्काजाम जैसी स्थिति बन गई। कई श्रद्धालु विरोध जताते हुए इंदौर गेट तक पहुंच गए। नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार मालीपुरा क्षेत्र के लोगों ने जब विरोध जताया और इंदौर गेट तक धरना प्रदर्शन करते हुए पहुंच गए और ऐसा लगा कि यदि महाकाल बाबा की सवारी मालीपुरा नहीं लाई गई तो चक्का जाम किया जा सकता है। ऐसे में सवारी में मौजूद अधिकारियों ने तत्काल निर्णय लेते हुए सवारी को रेलवे स्टेशन के समीप से पुन: पलटाया और मालीपुरा ले गए तब कहीं जाकर मालीपुरा के लोगों का गुस्सा शांत हुआ और सभी ने मंच के माध्यम से बाबा महाकाल की पालकी का परंपरागत तौर पर स्वागत किया। विदित हो कि मंच तो सभी जगह स्वागत के लिए लगाए गए थे।

## गलत काम और ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

### 11 वीं की नाबालिग छात्रा को फोटो वीडियो वायरल करने की दे रहा था धमकी

**उज्जैन।** 11 वीं की नाबालिग छात्रा को फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अनैतिक कृत्य का दबाव बनाने वाले आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके खिलाफ धारा 64, 308 बीएनएस और पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कक्षा 11 वीं में पढ़ती है। एक साल पहले उसकी पहचान लखन पिता ओमप्रकाश अमगया निवासी मोहन बड़ोदिया जिला शाजापुर से एक विवाह सामारोह के दौरान हुई थी। जिसके बाद लखन उससे मिलने उज्जैन आने लगा और उसकी फोटो लेकर एडिट करने के बाद वायरल करने की धमकी देने लगा। 24 सितंबर को लखन ने लोटि तिराहा पर बुलाया और एक होटल में ले जाकर उसके साथ अनैतिक काम किया। उसने दबाव बनाया कि संबंध बनाय रखना नहीं तो फोटो, वीडियो वायरल कर दूंगा। मामला नाबालिग से जुड़ा और गंभीर होने पर प्रकरण दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की गई। जिसके कुछ घंटो में बेगमबाग क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपित से पूछताछ कर मोबाइल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। साक्ष्य एकत्रित करने के बाद न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### नेहरू नगर नागझिरी में हुआ शस्त्र पूजन

**उज्जैन।** नेहरू नगर नागझिरी में भारत रक्षा मंच की महिला मंच अध्यक्ष संतोष राठौर के संयोजन में शस्त्र पूजन किया गया। शस्त्र पूजन में मुकेश त्रिवेदी, राजेंद्र मीणा, सपना मेहता, रोहित शेखावत, रवि परमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य निवासी तथा युवा वर्ग के सदस्य उपस्थित हुए। इस अवसर पर सपना मेहता एवं मुकेश त्रिवेदी द्वारा शस्त्र पूजन की आवश्यकता एवं उसके महत्व पर चर्चा की गई।

### मिला ईएसआईसी व पीएफ का लाभ

**उज्जैन।** मप्र के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब समय पर पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। ऊर्जा विभाग मे आउटसोर्स कर्मचारियों को भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम जैसी योजनाओं से सुरक्षा दी जा रही है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी एमपी ट्रांसको ने उज्जैन मे एक दिवंगत आउटसोर्स कर्मी के परिवार को राहत पहुंचाने हेतु संवेदनशील पहल की। उज्जैन स्थित 220 केवी उपकेन्द्र पर ड्यूटी के दौरान सुरक्षा कर्मी शेखर राठौर को हृदयाघात आया और अस्पताल मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। वे मेसर्स डेक्कन सिक्योरिटी सर्विसेस, इंदौर के माध्यम से पदस्थ थे। ऊर्जा मंत्री तोमर ने आगे जानकारी दी कि एम पी ट्रांसको की पहल से उनकी पत्नी पूजा राठौर को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अंतर्गत प्रतिदिन 173.16 की दर से आश्रित हितलाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा 3,05,283 की बीमा राशि भी परिजनों के खाते में जमा की गई है। इसके अतिरिक्त आश्रितों के लिए प्रतिमाह पेंशन की सुविधा भी स्वीकृत की गई है। उज्जैन मे अधीक्षण अभियंता शेखर फटाले ने बताया कि सहायक यंत्री भारत जोशी एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, उज्जैन के अधिकारियों के निरंतर प्रयासों से पीड़ित परिवार को योजनाओं का लाभ शीघ्रता से प्राप्त हुआ।

### भाजपा ने मनाया दशहरा मिलन समारोह



**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी नगर द्वारा दशहरा मिलन समारोह भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में लोकशक्ति कार्यालय पर आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने दशहरा पर्व की बधाई दी। दशहरा पर्व पर सांसद अनिल फिरोजिया, निगम सभापति कलावती यादव, जगदीश अग्रवाल, रमेश शर्मा, अशोक प्रजापत, मीना जोनवाल, वीरेंद्र कावड़िया, सोनू गेहलोद, जगदीश पंचाल, आनन्दसिंह खींची, कमल बैरवा ने शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मिला रुपये 1,844 करोड़ का ऋण

**उज्जैन।** ऑयस्टर रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की सहायक कंपनी ऑयस्टर ग्रीन हाइब्रिड थ्री प्राइवेट लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में अपनी 342 मेगावाट की विशाल सौर-पवन हाइब्रिड विद्युत परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त कर ली है। कंपनी ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से लगभग 20 साल की अवधि के लिए रुपये 1,844 करोड़ का परियोजना ऋण हासिल किया है, जो राज्य में किसी हाइब्रिड नवीकरणीय परियोजना के लिए अब तक के सबसे बड़े डेट वित्तपोषण में से एक है। एक ही जगह पर स्थित यह सौर-पवन परियोजना अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) ग्रिड से जुड़ी होगी, जिससे विश्वसनीय और कुशल विद्युत निकासी सुनिश्चित होगी। ऑयस्टर रिन्यूएबल एनर्जी के प्रबंध निदेशक, सिद्धार्थ भाटिया ने कहा हमारी 342 मेगावाट की हाइब्रिड परियोजना के लिए वित्तीय समापन सुनिश्चित करना ऑयस्टर रिन्यूएबल की यात्रा में बड़ी उपलब्धि है। ऑयस्टर में, हम स्वच्छ ऊर्जा ढांचा प्रदान करने पर केंद्रित हैं जो भारत के वहनीय ऊर्जा अपनाने की दिशा में नया मानदंड स्थापित करता है।

फ्लोरेंस नाईटएंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग, उज्जैन

* इंडियन नर्सिंग काउंसिल दिल्ली * म.प्र. नर्सेस् रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल
* मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त * मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर (म.प्र.) द्वारा मान्यता प्राप्त



COURSES OFFERED

B.Sc. Nursing (4 year) योग्यता - 10+2 (P.C.B.)

GNM Nursing (3 year) योग्यता - 10+2 (P.C.B.)

छात्र एवं छात्राओं के लिये प्रवेश प्रक्रिया PNST & GNMST द्वारा

ST, SC, OBC के विद्यार्थियों के लिये म.प्र. शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध

GNM & B.Sc. completed candidates can get the jobs in public sector

- Indian Army, Indian Navy, BSF,
- Air Force, Railways, CRPF
- The Indian Red Cross Society
- Various Nursing Schools and Associations
- All Types of Hospitals & Nursing Homes
- Educational Institutions and Industries
- Special Centers Such as orphanages, old age homes

100% JOB GUARANTEE



क्लीनिकल सुविधा उपलब्ध

बस एवं होस्टल सुविधा उपलब्ध

प्रवेश प्रारंभ

चिकित्सा के क्षेत्र में नौकरियां पाने का सुनहरा अवसर

नोट : शत् प्रतिशत रोजगार के अवसर किसी भी शासकीय और गेर-शासकीय अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र, पब्लिक हेल्थ सेंटर एवं अन्य शिक्षण स्वास्थ्य संस्थानों मेडिकल, नर्सिंग, आयुर्वेदिक व होम्योपेथिक कॉलेज में अच्छे वेतन पर नौकरी

कॉलेज केम्पस - चकजयराम पुर, मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.)

संपर्क - 0734-3588532, 7389780800, 6261939141, 9893558616

सिटी ऑफिस - बी-4, आनंद नगर, तारामण्डल के पास, महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.)

**विवाद** | महिला असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विभाग प्रमुख में विवाद, प्रकरण दर्ज

## माधव कॉलेज के अपराध शास्त्र विभाग में हुआ अपराध

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। माधव आर्टस कालेज के अपराध शास्त्र विभाग में शुक्रवार को अपराध को अंजाम दिया गया है। विभाग की महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने विभाग प्रमुख पर महिला थाना पहुंचकर छेड़छाड़ एवं एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज करवाया है। विभाग प्रमुख ने जीवाजीगंज थाना में उनके साथ मारपीट का प्रकरण महिला असिस्टेंट प्रोफेसर पर दर्ज करवाया है।**



माधव कालेज प्राचार्य प्रो. कल्पनासिंह के अनुसार दोपहर में आकस्मिक रूप से कालेज भवन की दूसरे तल पर लगने वाले अपराध शास्त्र विभाग में विवाद हुआ। इसके बाद विभाग प्रमुख प्रोफेसर चंद्रदीप यादव आए तो उन्हें सिर से खून बह रहा था, उन्हें कुछ सहयोगियों के साथ अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया था। इसके बाद महिला असिस्टेंट प्रोफेसर आई और कहा कि एफआईआर करने पुलिस स्टेशन जा रही हुं। दोनों ही पक्षों ने न तो विवाद की जानकारी दी और न हीं एफआईआर को लेकर नियमों के तहत कोई लिखित जानकारी देते हुए ही अनुमति ली।

महिला थाना प्रभारी लीला सोलंकी के अनुसार महिला असिस्टेंट प्रोफेसर जीवाजीगंज थाना पहुंची थी वहां से उन्हें एक महिला अधिकारी के साथ महिला थाना भेजा गया था। उन्होंने छेड़छाड़ एवं जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का प्रकरण दर्ज करवाया है। उनका आरोप था कि पिछले कुछ माह से विभाग प्रमुख यादव उन्हें बराबर प्रताडित कर रहे हैं और इसे लेकर उन्होंने कालेज प्रबंधन एवं जिम्मेदारों को आवेदन देकर अवगत करवाया है लेकिन उस पर कोई एक्शन नहीं हुआ। आज भी वे स्टाफ रूम में बैठी थीं इसी दौरान उनके साथ शारीरिक रूप से छेडछाड करते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया। पुलिस ने छेडछाड एवं एट्रोसिटी एक्ट की धारा में चंद्रदीप यादव के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि माधव कालेज अपराध शास्त्र विभाग के प्रमुख चंद्रदीप यादव ने थाना आकर मारपीट करने का मामला कालेज की ही महिला असिस्टेंट प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज करवाया है। पुलिस ने मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उनके पूर्व महिला प्रोफेसर भी थाना आई थी उन्हें महिला अधिकारी के साथ महिला थाना भेजा गया था।